# प्रेस नोट
# जनपद सोनभद्र
# दिनांक- 01.11.2025

## थाना चोपन साइबर टीम की बड़ी सफलता — ₹50,331 की ठगी की राशि पीड़ितों को कराई गई वापस

## थाना चोपन पुलिस की तत्पर कार्रवाई से तीन पीड़ितों को वापस मिली ठगी की रकम

अवगत कराना है कि थाना जुगैल क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भटिहटा पोस्ट खरहरा निवासी विजय बहादुर पुत्र मंगल द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 16.10.2025 को अज्ञात व्यक्तियों ने उनके एचडीएफसी बैंक, थाना चोपन स्थित शाखा के खाते से ₹33,000/- की धनराशि बिना उनकी जानकारी के ठगी कर ली। इसी प्रकार थाना चोपन क्षेत्र के शलिल चौरसिया के खाते से दिनांक 17.09.2025 को ₹1,408/- तथा श्याम बिहारी के खाते से दिनांक 23.09.2025 को ₹25,000/- की धनराशि अज्ञात व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हो गई। उक्त प्रकरणों के संबंध में थाना चोपन की साइबर टीम द्वारा सभी पीड़ितों से ठगी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ कर आवश्यक ट्रांजैक्शन संबंधी दस्तावेज प्राप्त किए गए तथा तत्परता से राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) पर शिकायत दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की गई है।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे एंव अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री अनिल कुमार के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन श्री कुमुद शेखर सिंह के कुशल नेतृत्व मे थाना चोपन की साइबर टीम द्वारा NCRP पोर्टल का अवलोकन करके पीड़ित विजय बहादुर सिंह उपरोक्त की फ्राड हुई धनराशि मे से 23,923.25/- रुपये, शलिल चौरसिया का 1408/- रुपया तथा श्यामबिहारी का किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते मे ट्रांसफर हुई 25,000/- रुपये को सम्बन्धित खातों मे होल्ड कराया गया तथा NCRP पोर्टल से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित करके संबन्धित बैंक शाखाओं को जरिये ईमेल पत्राचार करके तीनों पीडितों की फ्राड हुई धनराशि मे से कुल 50,331.25/- रुपये पीडितों के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराया गया । पीडितों की फ्राड हुई धनराशि मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए थाना चोपन की साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की ।